**Amit Singh Negi**
Secretary

Government of Uttarakhand

**Department of Medical, Health and Family Welfare and Medical Education**
Government of Uttarakhand
4 -Subhash Road, Dehradun

**Letter No.** 485A/Sec-MH/2020
**Dated** 25 **June. 2020**

सेवा में,

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
समस्त कैन्टोंमेंट बोर्ड,
उत्तराखण्ड।

**विषयः डेंगू रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु कार्यवाही विषयक।**

महोदय,

आप अवगत ही हैं कि उत्तराखण्ड में मच्छर जनित रोग डेंगू एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में रेखांकित हो रहा है। वर्तमान में कोविड–19 महामारी के परिवेश के दृष्टिगत किसी अन्य जन स्वास्थ्य समस्या को उत्पन्न होने से रोकने के लिए यह आवश्यक होगा कि प्रभावी रणनीति के अनुसार समयान्तर्गत निरोधात्मक कार्यवाही अमल मे लाई जाए। आप विदित है कि घर व घर के आस–पास जमा हुए पानी इत्यादि में डेंगू रोग के मच्छरों के पनपने का खतरा बना रहता है। अतः आप अपने स्तर से डेंगू रोग के रोकथाम हेतु निम्न कार्यवाहियां करने का कष्ट करें :

1. कैन्टोंमेंट क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जाये ताकि डेंगू मच्छरों के उत्पन्न होने के स्रोतों को पनपने से रोका जा सके।
2. कैन्टोंमेंट क्षेत्र में जो भी स्थान जहां साफ पानी जमा होने का खतरा है जैसे सीमेन्ट के टैंक, अधूरे निर्माण कार्य क्षेत्र, नव निर्माण कार्य क्षेत्र ऐसी जगहों पर डेंगू मच्छरों के पनपने का अधिक खतरा रहता है वहां अभियान के तौर पर पानी को जमा होने से रोका जाये।
3. कैन्टोंमेंट क्षेत्र में निर्माणाधीन परियोजनाओं में डेंगू निरोधात्मक गतिविधियों का आंकलन अवश्य किया जाये।
4. आवासीयों द्वारा पानी को कृत्रिम पात्रों में संचयित करके रखा जाता है जिसमें डेंगू का मच्छर पनपने लगता है ऐसे क्षेत्रों मे जन जागरूकता की जाये कि आवासीय द्वारा पात्रों को ढक कर रखा जाये तथा सप्ताह मे एक बार साफ किया जाये। इसे अभियान के रूप मे चलाया जाना अत्यन्त आवश्यक है।
5. कैन्टोंमेंट क्षेत्र मे ऐसे स्थान जैसे सूखे नाले इत्यादि जहां पर पानी जमा हो जाने पर डेंगू पनपने का खतरा रहता है उनकी सफाई हेतु अभियान चलाया जाये।

(अमित सिंह नेगी)

**पत्र संख्या :** **तद्दिनांकित।**
**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव प्रभारी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अपर सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
5. प्रभारी अधिकारी एन0वी0बी0डी0सी0पी0।

(अमित सिंह नेगी)

Scanned with CamScanner